तेरे भाग्य के चमकेंगे तारे

तेरे भाग्य के चमकेंगे तारे,
पूरे होंगे सवाल तेरे सारे
भरोसा रख माता रानी पे
भरोसा रख माता रानी पे

भरोसा रख माता रानी पे
भरोसा रख महारानी पे

क्यूँ डरता है देख के अँधेरा,
आ जायेगा रे ख़ुशी का सवेरा
भरोसा रख माता रानी पे

भरोसा रख माता रानी पे
भरोसा रख महारानी पे

जो भी लोग चढ़ते हैं
भक्ति के रथ पे
मुश्किलें ही मुश्किलें हैं
उनके तो पथ पे

तेरी आस्था को वो आजमाएगी
तुझे मंजिल पे वो ही पहुंचाएगी
भरोसा रख माता रानी पे
भरोसा रख माता रानी पे

भरोसा रख माता रानी पे
भरोसा रख महारानी पे

तेरे आस पास है माँ,
तुझ से ना दूर वो
आज नहीं कल
तेरी सुनेगी जरूर वो

दुःख हरती वो सारे ही जहां का
दिल पत्थर नहीं होता कभी माँ का
भरोसा रख माता रानी पे
भरोसा रख माता रानी पे

भरोसा रख माता रानी पे
भरोसा रख महारानी पे

शेरो वाली माँ के लाल

शेर ही हैं होते
हस्ते मुसीबतों में डरते ना रोते

प्यासी आत्मा को जल वोही देगी
सहनशक्ति व फल वो ही देगी
भरोसा रख माता रानी पे
भरोसा रख माता रानी पे

भरोसा रख माता रानी पे
भरोसा रख महारानी पे

तेरे भाग्य के चमकेंगे तारे,
पूरे होंगे सवाल तेरे सारे
भरोसा रख माता रानी पे
भरोसा रख माता रानी पे

भरोसा रख माता रानी पे
भरोसा रख महारानी पे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2209/title/tere-bhagya-ke-chamkenge-taare-pure-hon-gye-sawal-tere-sare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |